English	Hindi
Everyone has a role to play in creating a safe working environment. As an employer, you need to provide a safe workplace for workers and eliminate or reduce workplace risk.	सुरक्षित कार्य परिवेश का निर्माण करने में सभी को भूमिका निभानी होती है। एक कार्य–नियोक्ता के रूप में आपको कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कार्यस्थल प्रदान करने और कार्यस्थल में खतरों को समाप्त या कम करने की आवश्यकता है।
You should encourage your employees to tell you about work health and safety issues, and work with them to address them.	आपको अपने कर्मचारियों को कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित प्रकरणों के बारे में आपको बताने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, और इन्हें संबोधित करने के लिए कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करना चाहिए।
Anyone who is unwell should not be at work. If anyone develops symptoms at work such as fever, cough, sore throat or shortness, you should ask them to seek medical advice.	किसी भी बीमार व्यक्ति को कार्यस्थल में नहीं आना चाहिए। यदि किसी के शरीर में बुखार, खाँसी, गले में खराश या साँस फूलने जैसे लक्षण विकसित होते हैं, तो आपको उन्हें चिकित्सीय सलाह लेने के लिए कहना चाहिए।
Physical distancing for employees	**कर्मचारियों के लिए शारीरिक दूरी**
Front of house areas for customers and back of house areas for employees should provide enough space to allow for 1 person per 4 square metres, where possible.	व्यवसाय के अंदर ग्राहकों के लिए सामने के क्षेत्रों में और कर्मचारियों के लिए पीछे के क्षेत्रों में प्रति 4 वर्ग मीटर में 1 व्यक्ति के लिए यथासंभव पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जाना चाहिए।
Workers will not always be able to keep 1.5 metres apart at all times at the workplace. Some tasks need staff to work closely with each other to be practical and safe. For example:	कार्यस्थल में कर्मचारी हमेशा परस्पर 1.5 मीटर की दूरी बनाकर नहीं रख पाएँगे। व्यावहारिकता और सुरक्षा की दृष्टि से कुछ कार्यों में कर्मचारियों को एक–दूसरे के साथ निकटता से काम करना होता है। उदाहरण के लिए:
• Chefs in a small kitchen • Supporting an apprentice to safely perform a new skill • Lifting heavy objects	• छोटे आकार के किचन में रसोइये • प्रशिक्षु को सुरक्षापूर्वक नई कुशलता प्रदर्शित करने के लिए समर्थन देना • भारी वस्तुएँ उठाना
If close contact between staff is unavoidable, you should implement other control measures like:	यदि कर्मचारियों के बीच निकट संपर्क से बचाव नहीं किया जा सकता है, तो आपको अन्य नियंत्रण उपाय लागू करने चाहिए, जैसे:

• Minimising the number of people within an area at any time • Staggering start, finish and break times where appropriate • Moving work tasks to different areas of the workplace or off–site if possible • If possible, separating workers into teams and have them work the same shift or work in a particular area and consider whether these teams can have access to their own meal areas or break facilities • Ensuring each worker has their own equipment or tools	• किसी भी क्षेत्र में एक समय में लोगों की सँख्या को कम से कम करना • जहाँ उपयुक्त हो, अलग–अलग समयों पर आरंभ, समापन और अंतराल नियत करना • यदि संभव हो, तो गतिविधियों को कार्यस्थल के अलग–अलग क्षेत्रों में या ऑफ–साइट स्थानांतरित करना • यदि संभव हो, तो कर्मचारियों को अलग–अलग टीमों में बाँटना और उन्हें एक ही पारी या विशिष्ट क्षेत्र में काम करने के लिए निर्देशित करना तथा इन टीमों को अपने–अपने विशिष्ट भोजन–क्षेत्रों या अंतराल सुविधाओं के लिए सुगमता प्रदान करने के बारे में विचार करना • प्रत्येक कर्मचारी के पास अपने लिए अलग–अलग उपकरण या औजार सुनिश्चित करना
Looking after your employees’ mental health	**अपने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना**
Under Work Health and Safety laws, you need to eliminate or minimise the risk to psychological health and safety that could be caused by the work carried out by your business, as much as you reasonably can.	Work Health and Safety कानूनों के तहत आपके लिए मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के खतरों को यथोचित रूप से पूरी तरह से समाप्त या कम से कम करना आवश्यक है, जो आपके व्यवसाय की कार्य–संबंधी गतिविधियों के कारण उत्पन्न हो सकते हैं।
COVID–19 is a stressful time for many people. Your employees might be impacted in a number of ways, like:	कई लोगों के लिए COVID–19 की अवधि एक तनावपूर्ण समय है। आपके कर्मचारी कई तरीकों से प्रभावित हो सकते हैं, जैसे:
• Concerns they will be exposed to COVID–19 at work • Exposure to customer violence or aggression • Increased workloads or time at work • Fatigue • Poor environmental conditions	• कार्यस्थल पर COVID–19 से संक्रमित होने के बारे में चिंताएँ • ग्राहकों द्वारा हिंसा या आक्रामकता प्रदर्शित करने का खतरा • कार्यभार या कार्यस्थल पर बिताए जाने वाले समय में बढ़ोत्तरी • थकावट • खराब कार्य–परिवेश
Staff may be feeling anxious about coming into their normal work setting or doing their normal duties. It is important to regularly check in with staff and support their wellbeing. If work hours have increased it’s important to monitor and manage fatigue issues.	कर्मचारियों को अपने सामान्य कार्य–परिवेश में आने या अपने सामान्य कर्तव्यों के बारे में व्यग्रता महसूस हो सकती है। कर्मचारियों के साथ नियमित रूप से बात–चीत करके उनके कल्याण को समर्थन देना महत्वपूर्ण है। यदि काम करने के घंटों में बढ़ोत्तरी हुई है, तो थकावट से संबंधित मुद्दों की निगरानी और प्रबंधन करना महत्वपूर्ण है।

Tips for managing stress from COVID–19:	COVID–19 से उत्पन्न तनाव के प्रबंधन के लिए सुझाव:
• Be well informed with information from official sources and regularly communicate with workers • Talk to your workers about any risks to their psychological health • Provide workers with a point of contact to discuss their concerns • Inform workers about their entitlements • Proactively support workers and regularly ask if they are okay	• आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी से भली–भांति अवगत रहें और नियमित रूप से कर्मचारियों के साथ बात–चीत करें • अपने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए किसी भी खतरे के बारे में उनसे बात करें • कर्मचारियों को अपनी चिंताओं के बारे में बात करने के लिए संपर्क बिंदु प्रदान करें • कर्मचारियों को उनके अधिकारों के बारे में सूचित करें • कर्मचारियों को पूर्व–सक्रिय रूप से समर्थन दें और नियमित रूप से उनके हाल–चाल पूछें
In order to be best positioned to support your employees, it's important that you look after your own wellbeing too.	अपने कर्मचारियों को समर्थन देने के उद्देश्य से सबसे अच्छी अवस्थिति के लिए यह महत्वपूर्ण है कि आप स्वयं अपने कल्याण का भी ध्यान रखें।
Resources	**संसाधन**
Beyond Blue Coronavirus Mental Wellbeing Support Service – 1800 512 348	Beyond Blue Coronavirus Mental Wellbeing समर्थन सेवा – 1800 512 348
www.coronavirus.beyondblue.org.au	www.coronavirus.beyondblue.org.au
https://www.health.act.gov.au/services–and–programs/mental–health/mental–health–and–wellbeing–during–covid–19	https://www.health.act.gov.au/services–and–programs/mental–health/mental–health–and–wellbeing–during–covid–19
Handwashing and hygiene	**हाथ धोना और स्वच्छता**
Good hygiene is necessary to stop the spread of COVID–19. This means:	COVID–19 के फैलाव को रोकने के लिए अच्छी स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है। इसका अर्थ है:
• Frequent hand washing with soap (for 20–30 seconds) or hand sanitising. • Limiting contact with others • Not touching your face • Covering your mouth when you cough or sneeze with a clean tissue or your elbow	• बार–बार साबुन से हाथ धोना (20–30 सेकंडों के लिए) या हाथों को सैनिटाइज़ करना • दूसरों के साथ संपर्क को सीमित करना • अपने चेहरे को स्पर्श न करना • खाँसी या छींक आते समय साफ टिश्यू या अपनी कोहनी से नाक–मुँह ढकना

• Putting used tissues straight into the bin	• इस्तेमाल किए गए टिश्यू को सीधे कूड़ेदान में फेंकना
You should talk to your employees about the importance of good hand hygiene and provide access to soap, warm water, paper towel and hand sanitiser at your business.	आपको अपने कर्मचारियों के साथ हाथों की अच्छी स्वच्छता के महत्व के बारे में बात करनी चाहिए और अपने व्यवसाय में साबुन, गर्म पानी, पेपर टॉवल और हैंड सैनिटाइज़र सुलभ कराना चाहिए।
Ask workers to minimise contact with others where possible, like through cashless transactions.	कर्मचारियों को दूसरों से यथासंभव कम से कम संपर्क करने का निर्देश दें, जैसे बिना नकदी के लेन–देन के माध्यम से।
Cleaning and disinfecting	**सफाई और कीटाणुशोधन करना**
Make sure your employees know how to appropriately clean and disinfect at work.	यह सुनिश्चित करें कि आपके कर्मचारियों को कार्यस्थल पर उचित रूप से साफ–सफाई करने और कीटाणुशोधन के बारे में जानकारी हो।
Your business should be cleaned at least once a day using a detergent or a 2–in–1 detergent and disinfectant solution.	आपके व्यवसाय को दिन में कम से कम एक बार डिटर्जेंट अथवा डिटर्जेंट और कीटाणुनाशक के सम्मिश्रण के घोल से साफ किया जाना चाहिए।
More frequently touched surfaces should be cleaned more often, such as:	बहुधा स्पर्श की जाने वाली सतहों को बार–बार साफ किया जाना चाहिए, जैसे:
• Benches, tabletops and counters • Door and cupboard handles • Changeroom doors • Fridge and cool–room handles • Condiment bottles • EFT machines	• बेंच, टेबलटॉप और काउंटर • दरवाजे और अलमारी के हैंडल • कपड़े बदलने के दरवाजे • फ्रिज और शीत–कक्ष के हैंडल • मसालों की बोतलें • ईएफटी मशीनें
For more information and the latest updates visit www.covid19.act.gov.au	और अधिक जानकारी तथा नवीनतम अपडेटों के लिए वेबसाइट www.covid19.act.gov.au पर जाएँ।